

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए सोमवार,1 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02



विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 8708565733


## बागियों पर सख्त ममता, TMC ने संदीपन साहा और रितब्रत बनर्जी को किया निष्कासित



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद टीएमसी में लगातार उथल-पुथल मची हुई है. TMC ने अपने दो विधायकों, रितब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हारने के बाद टीएमसी में लगातार उथल-पुथल मची हुई है. TMC ने अपने दो विधायकों, रितब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है.

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद हुई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की सीआईडी जांच इन्हीं दोनों टीएमसी विधायकों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को दी गई औपचारिक शिकायत के आधार पर शुरू की गई थी.

## भारत ग्लोरी रत्न अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण

नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री Lal Bahadur Shastri के पुत्र Anil Shastri के कर-कमलों द्वारा डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण, CEO, Devar Films एवं Devar Group of Companies, को Oasis World Record की ओर से "भारत ग्लोरी रत्न अवॉर्ड" प्रदान किया गया।

डॉ. अंगप्पन वर्तमान में National Deputy Secretary, All India Youth Development Association तथा State Secretary, Legal Awareness Association के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें यह सम्मान समाज सेवा, युवा विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अंगप्पन को बधाई देते हुए उनके सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यों की सराह
ना की।



## ईरान से डील अमेरिका के फायदेमंद', तेहरान से बातचीत के बीच बोले ट्रंप, डेमोक्रेट्स से कहा- चुपचाप बैठो और...



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (1 जून) को फिर दोहराया कि ईरान डील करना चाहता है. उन्होंने सोशल प्लेटफॉर्म पर इसे लेकर अपना बयान जारी किया. ट्रंप ने लिखा, 'ईरान समझौता चाहता है और यह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए अच्छा होगा.' ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में विपक्षी डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन नेताओं पर भी निशाना साधा और बयानबाजी को बातचीत में रोड़ा बताया. उन्होंने लिखा, डेमोक्रेट्स और कुछ ऐसे रिपब्लिकन (जिनमें देशभक्ति नहीं दिखती है) यह नहीं समझते कि जब राजनीतिक लोग लगातार निगेटिव कमेंट करते रहते हैं, जैसे मुझे तेजी से आगे बढ़ना चाहिए, धीमे चलना चाहिए, युद्ध करना चाहिए, नहीं करना चाहिए, या कुछ और तो मेरे लिए अपना काम ठीक तरह से करना और बातचीत करना कहीं अधिक कठिन हो जाता है?'ट्रंप ने लोगों से धैर्य बरतने की अपील करते हुए उम्मीद जताई कि सब सकारात्मक तरीके से पूरा होगा. उन्होंने कहा, 'बस आराम से बैठिए, आखिर में सब अच्छा होगा. हमेशा ऐसा ही होता है. हालांकि ट्रंप की इस पोस्ट में सेंट्रल कमांड के डिफेंस में किए गए नए हमले और आईआरजीसी के जवाबी हमले का जिक्र नहीं है.

## होर्मुज संकट के बीच भारत के साथ खड़ा हुआ चीन; चुपचाप हुआ खेल, देश के खजाने से दबाव भी हुआ कम!



India Gets Relief Amid Hormuz Crisis: पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज संकट के बीच चीन की एक अनचाही चाल से भारत को जबर्दस्त फायदा हुआ है. हालांकि चीन ने कोई जानबुझकर भारत का फायदा नहीं करवाया है बल्कि परिस्थितियां ऐसी बनी की ड्रैगन अपने फायदे के लिए काम कर रहा था लेकिन परोक्ष तौर पर उससे भारत को भी बड़ी राहत मिल गई. इससे भारत के खजाने पर से दबाव भी कम करने में मदद मिली. दरअसल, दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक चीन इन दिनों सामान्य स्तर की तुलना में काफी कम मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है. इसका सीधा फायदा भारत समेत एशिया के कई देशों को मिला है. अगर चीन पहले की तरह बड़े पैमाने पर तेल खरीद रहा होता, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें और अधिक बढ़ सकती थीं और भारत का आयात बिल कहीं ज्यादा भारी हो जाता. होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक है. वैश्विक स्तर पर समुद्री रास्ते से होने वाले करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल की ढुलाई इसी रास्ते से होती है. भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और कई एशियाई देशों की ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक इसी मार्ग पर निर्भर हैं. पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद इस मार्ग से तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई. पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद इस मार्ग से तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई. नतीजतन बाजार में तेल की उपलब्धता घटने लगी और कीमतों में तेजी देखने को मिली. भारत के लिए यह विशेष रूप से चिंताजनक था क्योंकि युद्ध से पहले देश के कुल तेल आयात का लगभग 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से आता था.

# सुसाइड ड्रोन दिव्यास्त्र का ट्रायल सफल, जोधपुर में सेना ने देखा प्रदर्शन



भारतीय कंपनी होवरिट ने जोधपुर में दिव्यास्त्र Mk-1 लॉइटरिंग मुनिशन का सफल प्रदर्शन किया. मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च कर इस ड्रोन ने 500 किमी रेंज और 5 घंटे उड़ान क्षमता के साथ अपनी बैटलफील्ड तैयारी साबित की है. भारतीय रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. होवरिट कंपनी ने राजस्थान के जोधपुर में अपनी स्वदेशी टैक्टिकल लॉइटरिंग मुनिशन दिव्यास्त्र Mk-1 का सफल ऑपरेशनल डेमोन्स्ट्रेशन किया. इस प्रदर्शन में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ड्रोन को वाहन-माउंटेड मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया. यह सफलता भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक की मजबूती को दिखाती है. जोधपुर में हुए इस परीक्षण में दिव्यास्त्र Mk-1 को मोबाइल प्लेटफॉर्म से तेजी से लॉन्च किया गया. कई बार लॉन्चिंग के दौरान ड्रोन ने अपनी बैटलफील्ड मोबिलिटी, तेज तैनाती और परिचालन तैयारी को साबित किया. सेना के अधिकारी मौके पर मौजूद थे और पूरे प्रदर्शन को करीब से देखा. यह परीक्षण सामान्य युद्ध परिस्थितियों में किया गया, जिससे पता चला कि ड्रोन वास्तविक लड़ाई के मैदान में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है. खासतौर पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने (ISR), निगरानी और लक्ष्य को सटीक निशाना बनाने में यह बेहद उपयोगी साबित हुआ.

## पिंक बॉल ट्रायल को मंजूरी, कोच को छूट और इस क्रिकेट बोर्ड पर एक्शन; ICC मीटिंग में




इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की सोमवार को अहमदाबाद में बोर्ड मीटिंग हुई। अहमदाबाद बैठक में आईसीसी ने कई बड़े फैसले लिए, जिनका मकसद ग्लोबल कॉम्पिटिशन स्ट्रक्चर को बेहतर बनाना और खेल में इनोवेशन को बढ़ावा देना के अलावा महिला क्रिकेट को सपोर्ट करना है। वहीं, आईसीसी ने कनाडा क्रिकेड बोर्ड को निलंबित करने जैसा सख्त भी उठाया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कनाडा क्रिकेट ने अपनी मेंबरशिप की शर्तों का 'गंभीर उल्लंघन' किया। भले ही क्रिकेट कनाडा की मेंबरशिप सस्पेंड कर दी गई लेकिन कनाडाई नेशनल टीमें आईसीसी इवेंट्स में हिस्सा लेती रहेंगी। कनाडा को फंडिंग मिलती रहेगी ताकि खिलाड़ियों पर बुरा असर न पड़े। बोर्ड ने टेस्ट मैचों में पिंक बॉल का इस्तेमाल करने के ट्रायल को मंजूरी दे दी है। ऐसे तब किया जाएगा, जब खराब रोशनी के कारण खेल बाधित होने की संभावना हो। हालांकि, दोनों टीमों की सहमति चाहिए होगी। टीमें टेस्ट के दौरान पारंपरिक लाल गेंद की जगह पिंक बॉल का इस्तेमाल कर सकेंगी ताकि खराब रोशनी से बर्बाद होने वाले समय को कम किया जा सके। आईसीसी ने मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के साथ मिलकर लाइटिंग टेक्नोलॉजी पर रिसर्च के लिए फंड देने की योजना की पुष्टि की है, जिससे खराब रोशनी से होने वाली रुकावटों को और कम किया जा सकेगा। आईसीसी ने प्लेइंग इंडीशन में बदलाव करते हुए हेड कोच या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधी ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान खिलाड़ियों से बात करने की इजाजत देने का फैसला किया है। खिलाड़ी अब ड्रिंक्स इंटरवल के दौरान सलाह ले सकेंगे।

## ICC ने इस देश पर लगाया बैन, अचानक फैसला लेकर चौंकाया; जानें क्या है पूरा मामला




अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बहुत बड़ा फैसला लेते हुए कनाडा क्रिकेट बोर्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. आरोप हैं कि कनाडा क्रिकेट अपने सदस्य होने के दायित्वों का उल्लंघन कर रहा था. यह फैसला 31 मई को अहमदाबाद में हुई आईसीसी की बोर्ड मीटिंग में लिया गया. आईसीसी ने स्टेटमेंट जारी कर बताया कि कनाडाई बोर्ड को निलंबित कर दिया गया है. हालांकि इसका खिलाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और खिलाड़ी पहले की तरह ICC टूर्नामेंट्स में भाग ले सकेंगे. यह फैसला प्रशासनिक स्तर पर लिया गया है, इसलिए खिलाड़ियों पर वित्तीय रूप से इसका प्रभाव ना पड़े उसके लिए एक नियंत्रित व्यवस्था के माध्यम से धनराशि पर्याप्त करेंगे.

कनाडा क्रिकेट बोर्ड की बहाली के लिए आईसीसी ने उसके सामने कुछ शर्तें रखी हैं, जिनका उद्देश्य प्रशासनिक कमियों को दूर करना होगा. इस दिशा में काम हो रहा है या नहीं, इसकी निगरानी के लिए आईसीसी एक समिति का गठन करेगी. अहमदाबाद में हुई बोर्ड मीटिंग में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. अक्सर टेस्ट मैचों में कम रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी खत्म कर दिया जाता है. इस पर दोनों टीमों की सहमति होने पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश को भी आईसीसी ने मंजूरी दी है. आने वाले टेस्ट मैचों में कम रोशनी होने पर गुलाबी गेंद का इस्तेमाल होते देखा जा सकता है. इसके अलावा मेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक वैश्विक क्वालीफायर टूर्नामेंट करवाने के विषय पर भी चर्चा हुई.

## Suman Kalyanpur Death: नहीं रहीं दिग्गज सिंगर सुमन कल्याणपुर, 89 साल की उम्र में हुआ निधन, 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' जैसे कई गानों को दी थी आवाज



Suman Kalyanpur Death: 'ना ना करते प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने गानें वालीं प्लेबैक सिंगर सुमन कल्याणपुर अब इस दुनिया में नहीं रही हैं. उनका 89 साल की उम्र में निधन हो गया है. आशा भोसले के निधन के कुछ ही हफ्तों बाद भारतीय संगीत जगत को एक और बड़ा झटका लगा है. दरअसल अपनी मधुर आवाज से कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करने वालीं दिग्गज प्लेबैक सिंगर सुमन कल्याणपुर का रविवार, 31 मई को 89 साल की उम्र में निधन हो गया.उनके निधन की खबर के बाद से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है. तमाम फैंस और सेलेब्स सहित कई नेताओं कल्याणपुर अपने पीछे छह दशकों से ज्यादा की संगीत विरासत छोड़ गई हैं. उन्होंने "आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे", "ना ना करते प्यार तुम्हीं से", "तुमने पुकारा और हम चले आये" जैसे सदाबहार बॉलीवुड हिट और कई अन्य यादगार गीतों को अपनी आवाज दी थी इसके साथ ही उन्होंने इंडियन प्लेबैक सिंगिंग में अपने लिए एक खास जगह बनाई थी. उनके मराठी क्लासिक्स, जिनमें "केतकिच्य बानी तिथे", "संग कढ़ी कलनार तुला" और "निम्बोन्याच्या झाड़माघे" शामिल हैं, संगीत प्रेमियों की पीढ़ियों द्वारा आज भी याद किए जाते हैं. बॉलीवुड से राजनीति जगत के दिग्गज जता रहे शोकसुमन कल्याणपुर के निधन के बाद से बॉलीवुड से लेकर राजनीति जगत के दिग्गज उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं. वरिष्ठ एनसीपी नेता शरद पवार और सिंगर फैयाज ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सिंगर के निधन पर शोक जाहिर किया.



OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
INVEST TODAY IN
DHOLERA
SMART CITY PLOTTING
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
Residential
Industrial
Commercial
India's One of the Largest Growing Companies
FUTURE READY INVESTMENT
TRUSTED NAME
PREMIUM LOCATIONS
WORLD CLASS INFRASTRUCTURE
HIGH GROWTH POTENTIAL
CLEAR TITLES & LEGAL SECURITY
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com




Antra
Antra Developers
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION. OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com




OICCI
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com




## Delhi Bulldozer Action: दिल्ली में 'योगी मॉडल' का प्रहार! | Encroachment

देशभर की बड़ी खबरों की इस विशेष रिपोर्ट में देखिए Delhi के शालीमार बाग में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा बुलडोजर एक्शन। वहीं Gujarat और Kanpur में पुल हादसों ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल दी है। West Bengal में टीएमसी सांसद Kalyan Banerjee पर हुए हमले के बाद सियासत गरमा गई है, जहाँ Rahul Gandhi ने ममता बनर्जी को समर्थन दिया है। साथ ही Bihar में राबड़ी देवी के बंगले को लेकर शुरू हुए नए सियासी संग्राम का पूरा सच।देशभर की बड़ी खबरों की इस विशेष रिपोर्ट में देखिए Delhi के शालीमार बाग में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा बुलडोजर एक्शन। वहीं Gujarat और Kanpur में पुल हादसों ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल दी है। West Bengal में टीएमसी सांसद Kalyan Banerjee पर हुए हमले के बाद सियासत गरमा गई है, जहाँ Rahul Gandhi ने ममता बनर्जी को समर्थन दिया है। साथ ही Bihar में राबड़ी देवी के बंगले को लेकर शुरू हुए नए सियासी संग्राम का पूरा सच।








OASIS न्यूज़

प्रकाशित न्यू दिल

हिंदी दैनिक अखंड भारत समाचार

E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

**COMMERCIAL TARIFF CARD**

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | Rs.100/-per Line |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

